# 5 राजस्थान में जल स्थापत्य

1. **राजस्थान में बावड़ियों का शहर किसे कहा जाता है?**
(1) अलवर (2) जयपुर
(3) बूँदी (4) भरतपुर (3)

2. **निम्न में से दूध बावड़ी कहाँ स्थित है?**
(1) नाडोल (2) ओसियां
(3) रूणिचा (4) माऊंट आबू (4)

**व्याख्या–** यह बावड़ी माऊंट आबू (सिरोही) में अधरदेवी मंदिर की तलहटी में स्थित है, इसका पानी दूध जैसा सफेद है।

3. **उदय बावड़ी कहाँ स्थित है?**
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) चित्तौड़गढ़ (1)

4. **निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए–**

| जिले | बावड़ियाँ |
|---|---|
| (A) उदयपुर | (1) घोसुण्डा बावड़ी |
| (B) चित्तौड़गढ़ | (2) त्रिमुखी बावड़ी |
| (C) बूँदी | (3) शाही बावड़ी |
| (D) धौलपुर | (4) भावल देवी बावड़ी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(1)

5. **लम्बी बावड़ी स्थित है–**
(1) धौलपुर में (2) करौली में
(3) अलवर में (4) कोटा में (1)

6. **निम्न में से कौनसा कथन सत्य है–**
(1) झालरा बावड़ी सीकर में स्थित है।
(2) फूल बावड़ी छोटी खाटू (डीडवाना–कुचामन) में स्थित है।
(3) तापी बावड़ी नागौर में स्थित है।
(4) कथन 1 व 2 दोनों सत्य है। (4)

**व्याख्या–** तापी बावड़ी जोधपुर में स्थित है।

7. **अनारकली की बावड़ी का निर्माण किसने करवाया–**
(1) प्रिमल देवी (2) अनारकली
(3) भावल देवी (4) नाथावत (2)

**व्याख्या–** यह बावड़ी छत्रपुरा (बूँदी) में स्थित है, इसका निर्माण रानी नाथावत की दासी अनारकली ने करवाया था।

8. **प्रसिद्ध रानी जी की बावड़ी किस जिले में स्थित है–**
(1) दौसा में (2) बूँदी में
(3) अलवर में (4) टोंक में (2)

**व्याख्या–** इस बावड़ी का निर्माण राव राजा अनिरूद्ध सिंह की विधवा रानी नाथावत जी ने 1699 ई. में अपने पुत्र बुद्धसिंह के शासनकाल में करवाया था।

9. **चाँद बावड़ी स्थित है?**
(1) बैराठ (जयपुर ग्रामीण) (2) नीमराना (कोटपुतली–बहरोड़)
(3) आभानेरी (दौसा) (4) टोडारायसिंह (टोंक) (3)

**व्याख्या–** आभानेरी (दौसा) के संस्थापक प्रतिहार राजा चाँद द्वारा निर्मित्त यह बावड़ी आठवीं शताब्दी में निर्मित है। यहीं पर आठवीं शताब्दी का हर्षत् माता का मंदिर भी बना है। यह बावड़ी 19.5 मीटर गहरी तथा 3500 सीढियाँ बनी हैं।

10. **निम्न में से कौनसी बावड़ी जोधपुर में स्थित नहीं है?**
(1) चाँद बावड़ी (2) एंजन बावड़ी
(3) कांतन बावड़ी (4) ख्वाजा बावड़ी (4)

**व्याख्या–** ख्वाजा की बावड़ी टोंक में स्थित है।

11. **निम्न में से असत्य कथन का चयन कीजिए–**
(1) पन्ना मीणा की बावड़ी–जयपुर
(2) चाँद बावड़ी–जोधपुर
(3) नागर सागर कुण्ड–बूँदी
(4) उदय बावड़ी–उदयपुर (4)

**व्याख्या–** उदय बावड़ी डूँगरपुर में स्थित है।

12. **बड़गाँव की बावड़ी कहाँ स्थित है?**
(1) कोटा (2) झालावाड़
(3) बूँदी (4) बारां (1)

13. **निम्न में सत्य है–**
(1) नौलखा बावड़ी–डूँगरपुर (2) दूध बावड़ी–उदयपुर
(3) पर्चा बावड़ी–बाड़मेर (4) डाकणिया बावड़ी–अलवर (1)

**व्याख्या–** दूध बावड़ी माऊंट आबू (सिरोही) में है, पर्चा बावड़ी रूणेचा (जैसलमेर) में है तथा डाकणिया बावड़ी लवाण (दौसा) में है।

14. **बाई राज की बावड़ी किस स्थान पर स्थित है?**
(1) बनेड़ा (शाहपुरा) (2) नाडोल (पाली)
(3) ओसियां (जोधपुर ग्रामीण) (4) मांडलगढ़ (भीलवाड़ा) (1)

15. **निम्न में से किस बावड़ी का निर्माण डूँगरपुर के महारावल उदयसिंह ने करवाया था?**
(1) शाही बावड़ी (2) घोसुण्डा बावड़ी
(3) काका जी की बावड़ी (4) उदय बावड़ी (4)

16. **निम्न में से कौनसी बावड़ी बूँदी में स्थित है?**
(1) काका जी की बावड़ी (2) नागर सागर कुण्ड
(3) रानी जी की बावड़ी (4) उपर्युक्त सभी (4)

17. **उम्मेदसिंह ने 1858 ई. में अपनी गणिका के नाम से कौनसी बावड़ी का निर्माण करवाया?**
(1) चमना बावड़ी (2) चाँद बावड़ी
(3) फूल बावड़ी (4) चौखी बावड़ी (1)

**व्याख्या–** यह बावड़ी शाहपुरा (भीलवाड़ा) में स्थित है।

18. **रानी प्रिमल देवी द्वारा निर्मित बावड़ी है?**
(1) रानी जी की बावड़ी    (2) नौलखा बावड़ी
(3) घोसुण्डा बावड़ी    (4) चाँद बावड़ी    (2)

**व्याख्या–** नौलखा बावड़ी डूँगरपुर में स्थित है।

19. **29 दिसम्बर 2017 को जारी डाकटिकटों के अनुसार राजस्थान की निम्न में से किस बावड़ी पर 15 रूपये का डाकटिकट जारी किया गया था?**
(1) रानी जी की बावड़ी    (2) नागर सागर कुण्ड
(3) पन्ना मीणा की बावड़ी    (4) चाँद बावड़ी    (2)

**व्याख्या–** दिसम्बर 2017 में राजस्थान की 6 बावड़ियों पर डाकटिकट जारी किये गये थे। जिनमें से नीमराणा की बावड़ी व नागर सागर कुण्ड पर 15–15 रूपये तथा रानी जी की बावड़ी, पन्ना मीणा की बावड़ी, चाँद बावड़ी, तूर जी का झालरा पर 5–5 रूपये का डाकटिकट जारी किया गया।

20. **काकाजी की बावड़ी कहाँ स्थित हैं ?**
(1) बूँदी    (2) दौसा
(3) पाली    (4) जयपुर    (1)

21. **'तूर जी का झालरा' नामक बावड़ी किस जिले में स्थित है?**
(1) नागौर    (2) बीकानेर
(3) अजमेर    (4) जोधपुर    (4)

**व्याख्या–** इस बावड़ी का निर्माण महाराजा अभयसिंह की रानी तूर कंवर ने 1740 ई.में करवाया था। 29 दिसम्बर 2017 को इस बावड़ी पर 5 रुपए का डाकटिकट जारी किया गया है।

22. **रेगिस्तान के जल महल के नाम से प्रसिद्ध 'बाटाडू का प्रसिद्ध कुआँ' किस स्थान पर स्थित है?**
(1) तनोट (जैसलमेर)    (2) बायतु (बालोतरा)
(3) गजनेर (बीकानेर)    (4) औसियाँ (जोधपुर ग्रामीण)(2)

**व्याख्या–** रावल गुलाब सिंह द्वारा निर्मित्त संगमरमर का कलात्मक कुआँ है। यह रेगिस्तान का जलमहल कहलाता है।

23. **सेठानी का जोहड़ा कहाँ स्थित है–**
(1) चुरू    (2) सीकर
(3) नीमकाथाना    (4) झुंझुनूं    (1)

24. **राजस्थान की सबसे गहरी व कलात्मक बावड़ी कौनसी है?**
(1) त्रिमुखी बावड़ी    (2) चाँद बावड़ी
(3) नौलखा बावड़ी    (4) घोसुण्डा बावड़ी    (2)


**व्याख्या–** चाँद बावड़ी आभानेरी (दौसा) में स्थित है। इसका निर्माण प्रतिहार राजा चाँद द्वारा 8वीं शताब्दी में कराया गया था।


25. **चाँद बावड़ी में कितनी सीढ़िया बनी हुई है?**
(1) 2500    (2) 4500
(3) 4000    (4) 3500    (4)

Dhindhwal Publication
Lead, Read and Achieve

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।